# जंगल और जनकपुर

**प्रश्न-1 ताड़का वन कब भयमुक्त हो गया?**

उत्तर- ताड़का के मरने के बाद में ताड़का वन भयमुक्त हो गया ।

**प्रश्न-2 ताड़का के मरने के बाद ताड़का वन कैसा लग रहा था?**

उत्तर- ताड़का के मरने के बाद ताड़का वन बदला हुआ था । भयानक आवाज़ें गायब हो चुकी थी । पत्तों की सरसराहट का संगीत था । चिड़ियों की चहचहाहट थी । शांति थी ।

**प्रश्न-3 महर्षि विश्वामित्र ने आश्रम की रक्षा की ज़िम्मेदारी किन्हें सौंपी?**

उत्तर - महर्षि विश्वामित्र ने आश्रम की रक्षा की ज़िम्मेदारी राम और लक्ष्मण को सौंपी ।

**प्रश्न-4 अनुष्ठान के अंतिम दिन क्या हुआ ?**

उत्तर - सुबाहु और मारीच ने राक्षसों के दल बल के साथ आश्रम पर धावा बोल दिया ।

**प्रश्न-5 मारीच क्यों क्रोधित था ?**

उत्तर - मारीच यज्ञ के अलावा इस बात से क्रोधित था कि राम- लक्ष्मण ने उसकी मां ताड़का को मारा था ।

**प्रश्न-6 राजा जनक खुश क्यों हुए?**

**उत्तर-** राम के धनुष तोड़ने के कारण राजा जनक की खुशी का ठिकाना न रहा।